तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 22.0° | 29.0° |
| इंदौर | 22.0° | 33.0° |
| जबलपुर | 23.0° | 29.0° |
| ग्वालियर | 24.0° | 32.0° |
| सागर | 23.0° | 30.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 298, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, स्नान दान पूर्णिमा संवत् 2083
शनिवार, 26 सितम्बर 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naidunialive.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


राजधानी... प्रदेश में तेजी से हो रहा सड़क परियोजनाओं का ...


खेल... एशियाई खेल 2026: अनाहत और अभय सिंह ने स्क्वैश...


व्यापार... ब्याज दरों के दबाव में सोना-चांदी, निचले स्तर से ....


देश-विदेश... एक आतंकी देश मुझसे यह सवाल पूछ रहा है

## देशभर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



**नईदुनिया ब्यूरो, भोपाल/ नई दिल्ली:** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को देशभर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नदियों, तालाबों, झीलों और कृत्रिम कुंडों में श्रद्धालु प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। भोपाल के प्रेमपुरा, खटलापुरा, रेतघाट में दिनभर प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ छोटे तालाब में प्रतिमा विसर्जन करने पहुँचे। शहर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। विसर्जन देर शाम तक चलता रहा। उधर, मुंबई में विसर्जन के लिए शहर में 383 कृत्रिम कुंड बनाए गए। हैदराबाद में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था संभालने के लिए 25 से 30 हजार पुलिसकर्मी तैनात रहे। निगरानी के लिए 24 ड्रोन और 10 हजार सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया गया।

## समाज सुधार के लिए काम करें, सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए नहीं: मोदी

### वाराणसी से वडनगर जा रहे सेवा यात्रियों से प्रधानमंत्री ने की बातचीत

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी से वडनगर जा रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई और स्वतंत्रता आंदोलन के साथ सामाजिक सुधार के लिए भी काम किया। हमें भी समाज में लगातार सुधार और सकारात्मक परिवर्तन के लिए काम करते रहना चाहिए, केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए नहीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा यात्राओं ने उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वडनगर ने उन्हें जीवन के संस्कार दिए, जबकि काशी ने उनके संस्कारों में सेवा के अनेक रंग जोड़े। उन्होंने सेवा यात्रियों से कहा कि यात्रा के दौरान मिलने वाले अनुभव मार्गदर्शन का काम करते हैं। दो सेवा यात्राएं 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू हुई थीं। इनमें एक यात्रा वडनगर से वाराणसी और दूसरी वाराणसी से वडनगर के लिए रवाना हुई है। दोनों यात्राएं 7 अक्टूबर को पूरी होंगी।



ये यात्राएं प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को चिह्नित करने के लिए निकाली जा रही हैं। मोदी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में शहरों और गांवों के बीच अंतर कम हुआ है तथा गांवों में बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का उल्लेख करते हुए उनके 'चरैवति-चरैवति' संदेश को भी याद किया।

## पीएम के साथ महिला का फोटो हटाने का मेटा को निर्देश

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महिला की फर्जी और आपत्तिजनक तस्वीर से जुड़े कंटेंट को मेटा से तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि मामला केवल महिला से जुड़ा नहीं है, बल्कि देश के प्रधानमंत्री से भी संबंधित है। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने सीजेपी के नेताओं सौरव दास और अभिजीत दिपके को नोटिस जारी किया। दोनों पर तस्वीर प्रसारित करने का आरोप है। महिला ने याचिका में दावा किया कि उसकी छेड़छाड़ की गई तस्वीरें इंटरनेट पर प्रसारित की गईं और बाद में अश्लील वेबसाइटों पर भी डाली गईं। उसने आरोप लगाया कि उसे दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, तेजाब हमले और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। अदालत ने दिल्ली पुलिस को महिला को सुरक्षा देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी।

### गडकरी और डॉ. यादव ने दिखाई हरी झंडी

## जनता को 21 साल बाद फिर मिलीं 'सुगम' बसें

▶▶ भोपाल-इंदौर समेत सात शहरों में चलेंगी, किराया दो रुपये प्रति किमी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** प्रदेश में 21 साल बाद सरकारी बस सेवा फिर शुरू हो गई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भेल दशहरा मैदान से 351 बसों के साथ मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का शुभारंभ किया। भोपाल और इंदौर समेत सात शहरों में अंतरशहरी और शहर के भीतर बस सेवाएं संचालित होंगी। इनमें 180 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। सरकार ने पहले वर्ष में 1,500 और वर्ष 2031 तक 15 हजार बसें चलाने का लक्ष्य रखा है। गडकरी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाना सरकार का लक्ष्य है। परिवहन सुधार के लिए पांच प्रमुख एजेंडा बनाए गए हैं, जिसमें स्वच्छ परिवहन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि देश के वायु प्रदूषण में परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान राज्य परिवहन बसें बंद हो गई थीं। प्रदेश में पांच लाख किलोमीटर से अधिक सड़कें बन चुकी हैं और अब बसों के माध्यम से गांवों को भी जोड़ा जाएगा। 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक कनेक्टिविटी पहुंचाने का लक्ष्य है। परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि 21 साल पहले बंद हुई परिवहन सेवा की दोबारा शुरुआत परिवहन क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बस मालिकों के हितों से टकराव नहीं होगा। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इसे प्रदेश में कनेक्टिविटी बढ़ाने की बड़ी पहल बताया। सभी बसों का संचालन भोपाल से होगा। किराया दो रुपये प्रति किलोमीटर रखा गया है। बसों का संचालन निजी ऑपरेटरों के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर होगा। बसों में सुरक्षा सुविधाओं के साथ वास्तविक समय निगरानी की व्यवस्था रहेगी। 351 बसों में इंदौर की 145, भोपाल की 106, जबलपुर की 67, रीवा की 18, देवास की 10, कटनी की तीन और भिंड की दो बसें शामिल हैं।

### खास-खबरें

#### पायलट अल्कोहल टेस्ट में फेल, निलंबित

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** एअर इंडिया के एक पायलट को अल्कोहल टेस्ट में फेल होने के बाद शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। यह मामला 6 सितंबर का है। ज्यूरिख-दिल्ली उड़ान के टेकऑफ से पहले ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ को पायलट से शराब की गंध आई थी। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद पायलट को विमान से उतार दिया गया। ज्यूरिख एयरपोर्ट पर किए गए अल्कोहल टेस्ट में पायलट के पॉजिटिव पाए जाने के बाद उसे उड़ान में शामिल नहीं किया गया। बाद में उसे यात्री के रूप में उसी विमान से भारत भेजा गया। एअर इंडिया के अनुसार, अंतिम मेडिकल रिपोर्ट और जांच पूरी होने तक पायलट का निलंबन जारी रहेगा।

#### जेल में बंद छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक छोड़ा

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की अदालत ने जेल में बंद छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक को जमानत देते हुए विदेश जाने की अनुमति दी है। इन्हें मार्च 2026 में म्यांमार के प्रशिक्षण शिविर में उग्रवादियों को हथियार और ड्रोन का प्रशिक्षण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, सभी भारत से मलेशिया जाने की तैयारी में थे। उन्हें कोलकाता, लखनऊ और दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने कहा कि विदेशी नागरिकों को परिवार से मिलने की अनुमति देना संवैधानिक अधिकार है। सभी को जमानती बांड भरना होगा और एक महीने बाद भारत लौटकर अदालत को जानकारी देनी होगी। कांग्रेस ने अमेरिकी नागरिक मैथ्यू आरोन वैनडाइक को राहत मिलने पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किया।

#### सिक्किम में लैंडस्लाइड, घर और सरकारी क्वार्टर बहे

**नईदुनिया ब्यूरो, ग्यालशिंग:** सिक्किम के ग्यालशिंग जिले के रिंबी गांव में लगातार बारिश के कारण गुरुवार रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें 20 से ज्यादा घर और सरकारी क्वार्टर बह गए। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। चक्रवात के प्रभाव से ओडिशा में भारी बारिश के साथ अचानक बाढ़ और लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है। राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों में निचले इलाकों और लैंडस्लाइड प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले करीब 10 हजार लोगों को 200 राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है। चक्रवात का असर नौ राज्यों में बताया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ उग्र प्रदर्शन, कार्यालय तक मार्च

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन किया। दिल्ली में कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च निकाला। देहरादून में प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर विरोध जताया, जबकि पटना में पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कई अन्य राज्यों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के कार्यालयों की ओर मार्च किया और कुछ जगहों पर कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।



कांग्रेस का प्रदर्शन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद के बीच हुआ। पार्टी ने ज्ञानेश कुमार पर चुनाव आयोग के कामकाज में मनमानी का आरोप लगाया है।

### इटली में स्कूलों के लिए नए नियम...

## बुर्का पहनने पर प्रतिबंध, एक लाख जुर्माना



**रोम, एजेंसी:** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने स्कूलों से जुड़े नए नियमों को मंजूरी दी है। इसके तहत स्कूलों में बुर्का और नकाब जैसे चेहरे को पूरी तरह ढकने वाले कपड़ों पर रोक लगाई गई है। नियम तोड़ने पर 1,000 यूरो यानी करीब एक लाख रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। नाबालिग छात्र के चेहरा ढकने पर जुर्माना उसके माता-पिता पर लगाया जा सकता है। हिजाब पर यह रोक लागू नहीं होगी। नए नियम डिक्री-कानून के रूप में लागू होंगे और इन्हें स्थायी कानून बनाने के लिए 60 दिनों के भीतर संसद की मंजूरी लेनी होगी। सरकार के अनुसार, इनका उद्देश्य स्कूलों में एकीकरण और इतालवी भाषा सीखने को बढ़ावा देना है। नियमों के तहत कुछ ऐसे विदेशी छात्रों की संख्या एक कक्षा में 30 प्रतिशत तक सीमित की जाएगी, जिन्हें इतालवी भाषा या स्कूल व्यवस्था का पर्याप्त अनुभव नहीं है। प्राथमिक स्तर पर इटली में जन्मे या कम से कम दो वर्ष प्री-स्कूल शिक्षा ले चुके बच्चे इस गणना में शामिल नहीं होंगे। माध्यमिक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था में कम से कम तीन वर्ष पढ़ चुके छात्रों को सीमा से बाहर रखा जाएगा।

इटली में 1975 से सार्वजनिक स्थानों पर पहचान छिपाने वाले तरीके से चेहरा ढकने पर कानून मौजूद है।

## एशियन गेम्स में भारत को पोल वॉल्ट का पहला पदक

▶▶ बरानिका ने 4.15 मीटर की छलांग लगाई, गुलवीर ने 10 हजार मीटर में रजत जीता; शूटिंग में भी स्वर्ण और रजत




**नागोया, एजेंसी:** एशियन गेम्स में भारत ने महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में पहली बार पदक जीता। बरानिका एलांगोवन ने 4.15 मीटर की ऊंचाई पार कर कांस्य पदक अपने नाम किया। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में 28 मिनट 29.38 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। 2023 में इसी स्पर्धा में उन्होंने कांस्य पदक जीता था। भारत ने छठे दिन छह पदक जीते, जिनमें एक स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। भारत के कुल पदकों की संख्या 23 हो गई है। निशानेबाजी में सुरुचि इंदर सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 484.6 अंक हासिल किए। 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार ने 1762 अंक के साथ रजत पदक जीता। महिलाओं की शॉटपुट में मनप्रीत कौर ने 17.17 मीटर के प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता। टेबल टेनिस में मनुष शाह और दिया चितले ने मिश्रित युगल में कांस्य पदक हासिल किया। कबड्डी में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। महिला टीम ने नेपाल को 48-24 और पुरुष टीम ने थाईलैंड को 66-27 से हराया। स्क्वॉश में जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार की मिश्रित युगल जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई। महिला एकल में अनाहत सिंह और पुरुष एकल में अभय सिंह ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### मणिपुर में चार नगा लोगों की हत्या

**कामजोंग:** मणिपुर के कामजोंग जिले के पिलोंग नगा गांव में गुरुवार शाम हथियारबंद उग्रवादियों ने गोलीबारी कर चार नगा लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने घटना के लिए कुकी नेशनल आर्मी-बर्मा के उग्रवादियों को जिम्मेदार बताया है।

## जिनपिंग के सम्मान में ट्रंप ने दिया स्टेट डिनर

▶▶ दोनों नेताओं ने साझा इतिहास और रिश्तों को मजबूत करने की बात कही



**वाशिंगटन, एजेंसी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन के सम्मान में व्हाइट हाउस में स्टेट डिनर आयोजित किया। आयोजन की तैयारियों की देखरेख प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने की। डिनर में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल, सरकारी अधिकारी और कारोबारी जगत के लोग शामिल हुए। डिनर के मेन्यू में अमेरिकी सामग्री के साथ चीनी खानपान का प्रभाव रखा गया। शुरुआत पीले स्क्वैश के गाढ़े सूप से हुई, जिसमें जंगली मशरूम, कुरकुरा पैनसेटा और हरे प्याज का तेल शामिल था। इसके बाद तिल की परत वाली सी-बास मछली परोसी गई। इसके साथ बोक चॉय, भुना बैंगन और हरी चटनी दी गई। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के राजनीतिक तंत्र अलग हैं, लेकिन दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध मजबूत हैं। उन्होंने जिनपिंग के अमेरिका दौरे का स्वागत करते हुए दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने पर जोर दिया। जिनपिंग ने अपने संबोधन में कहा कि चीन का मजबूत होना अमेरिका के खिलाफ नहीं है। उन्होंने दोनों देशों से संवाद, सहयोग और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व बनाए रखने की बात कही। उन्होंने 1972 में रिचर्ड निक्सन की चीन यात्रा और हेनरी किसिंजर की भूमिका का भी उल्लेख किया। डिनर में जेफ बेजोस, एलन मस्क, सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन, जेन्सेन हुआंग और माइकल डेल सहित कई प्रमुख कारोबारी और तकनीकी क्षेत्र के लोग शामिल हुए। ट्रंप ने जिनपिंग को अमेरिका के राष्ट्रीय पक्षी बाल्ड ईगल की प्रतिमा भी उपहार में दी।

### संयुक्त राष्ट्र में नेतन्याहू के भाषण का विरोध



**न्यूयॉर्क, एजेंसी:** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन के दौरान कई देशों के प्रतिनिधियों ने विरोध जताया और कुछ प्रतिनिधि सदन से बाहर चले गए। विरोध के बीच नेतन्याहू करीब तीन मिनट तक शांत खड़े रहे। इसके बाद उन्होंने कहा कि अगर यहां कोई और कायर है तो वह भी बाहर चला जाए। वहीं, गैलरी में मौजूद उनके समर्थकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया और 'अम यिसराइल चाई' के नारे लगाए। नेतन्याहू ने अपने भाषण में गाजा में इजराइली सैन्य कार्रवाई का बचाव किया। उन्होंने सात अक्टूबर 2023 के हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि इजराइल के दुश्मनों को लगा था कि देश टूट जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने गाजा में इजराइल पर नरसंहार के आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें झूठ बताया। उन्होंने हिजबुल्लाह के खिलाफ 2024 में हुए पेजर विस्फोटों का भी उल्लेख किया और भाषण के दौरान एक पेजर दिखाया। ईरान के संदर्भ में उन्होंने स्टारलिंक का उपकरण दिखाते हुए कहा कि यह ईरानी लोगों को इंटरनेट के जरिये अपनी बात रखने में मदद कर सकता है। उन्होंने यह उपकरण ईरानी प्रतिनिधिमंडल के लिए छोड़ने की बात कही। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की भी नेतन्याहू ने आलोचना की।

### साफ-सफाई | पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल 10.7 गुना से अधिक कचरा निकला...

## केदारनाथ में श्रद्धालुओं ने फैलाया 250 टन कचरा

**नईदुनिया ब्यूरो, रुद्रप्रयाग:** केदारनाथ धाम में इस वर्ष 15.45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने के बाद 156 दिनों में करीब 250 टन कचरा निकल चुका है। गौरीकुंड से केदारनाथ तक 16 किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग पर जगह-जगह प्लास्टिक की पन्नियां और खाने-पीने की सामग्री बिखरी हुई है। कचरे को हटाने के लिए 450 से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। इनमें सुलभ इंटरनेशनल, नगर पंचायत और जिला पंचायत के कर्मचारी शामिल हैं।

केदारनाथ नगर पंचायत और सुलभ इंटरनेशनल के अनुसार, इस वर्ष निकला कचरा 2025 की पूरी यात्रा अवधि में निकले 21.40 टन कचरे के मुकाबले 10.7 गुना से अधिक है। नगर पंचायत के मुताबिक, 2023 की तुलना में करीब 54 प्रतिशत, 2024 के मुकाबले 93 प्रतिशत और 2025 के मुकाबले 1,069 प्रतिशत अधिक कचरा निकला है।

यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 31 सुलभ शौचालय और 71 स्टील फ्रेम शौचालय संचालित किए जा रहे हैं। केदारनाथ तक 600 से अधिक डस्टबिन लगाए गए हैं।



नगर पंचायत अधिकारी नीरज कुकरेती के अनुसार, मशीन के माध्यम से करीब 24 टन सूखे कचरे की सिल्लियां बनाई गई हैं। इन्हें धाम से नीचे लाया जा रहा है। बाकी कचरे को एकत्र किया गया है और उसे डिकंपोज करने की तैयारी की जा रही है। इससे होने वाली आय को नगर पंचायत की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर करने में खर्च किया जाएगा।

बद्रीनाथ धाम में वर्ष 2025 की यात्रा अवधि में 230 टन कचरे का निस्तारण कर 8.89 लाख रुपये की आय हुई थी। इसमें 133 टन सूखे कचरे के ब्लॉक बनाए गए, जबकि 97 टन गीले कचरे से कंपोस्ट खाद तैयार की गई थी। चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को हुई थी। 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले गए थे। वर्ष 2025 में 19.62 लाख श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम में दर्शन किए थे।